हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 23 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

अब की बार 400 के लक्ष्य के साथ काम करें कार्यकर्ता : कश्यप 10



अब घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर, मोबाइल से कर सकेंगे रिचार्ज 12





छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2024
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
24/03/2024
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### होलिका दहन 24 मार्च को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 9 बजकर 55 मिनट से प्रारम्भ हो जाएंगी जो 25 मार्च को दोपहर 12 बजकर 30 मिनट रहेगी। ज्योतिष गणना के अनुसार 24 मार्च रविवार को होलिका दहन का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त रात्रि 11 बजकर 14 मिनट से लेकर रात्रि 12 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। इस समय होलिका दहन करना सर्वश्रेष्ठ है।

### चंडी मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन के लिए पंजीयन शुरू

**कुरुद।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चण्डी देवी मंदिर कुरूद में 9 से 17 अप्रैल की अवधि में चैत्र नवरात्रि पर्व मनाया जावेगा। पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश (तेल) प्रज्जवलित किये जाते हैं। ज्योति शुल्क राशि 751 रुपये हैं। इच्छुक श्रद्धालु चण्डी मंदिर कुरुद, कार्यालय नगर पंचायत कुरुद, कार्यालय कृषि उपज मण्डी कुरूद, मां चण्डी बर्तन दुकान सहकारी बैंक के पास कुरूद, श्रीराम आटो पाइंट कुरूद, कान्हा प्लाईवुड सहकारी बैंक के पास कुरुद में पंजीयन कराकर रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

### कर्मचारी फेडरेशन ने नए एसडीएम का किया स्वागत

**नगरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई नगरी के पदाधिकारियों ने नगरी अनुभाग में नवपदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवन कुमार प्रेमी संयुक्त कलेक्टर का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किय। एसडीम ने कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों से परिचयात्मक रूबरू होते हुए निष्ठापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर तहसीलदार केतन भोयर, ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, सचिव गिरीश जायसवाल, महासचिव किशोर कश्यप, प्रवक्ता केपी साहू, आईटी सेल प्रभारी डीपी ताम्रकार, महेंद्र कुमार बोरझा, दिनेश साहू, विजय गेंद्रे, शरीफ बेग मिर्जा, श्रवण कुमार साहू सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### पीजी कालेज मैदान में क्रिकेट समर कैम्प 1 अप्रैल से

**धमतरी।** जिला क्रिकेट संघ द्वारा पी.जी. कालेज क्रिकेट स्टेडियम में 1 अप्रैल से 31 मई 2024 तक ड्यूज बॉल क्रिकेट समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। अजय बाबर सचिव धमतरी जिला क्रिकेट संघ ने बताया कि सन 2012 से जिला क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सहयोग से धमतरी में ड्यूज बॉल क्रिकेट को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्य में स्थानीय जिला प्रशासन व पीजी कालेज प्रशासन का भी योगदान मिल रहा है। सकुश गुप्ता सहसचिव ने बताया कि जिला क्रिकेट संघ द्वारा पी.जी. कालेज क्रिकेट स्टेडियम में टर्फ विकेट व ग्रासयुक्त मैदान का निर्माण कराया गया है। नियमित अभ्यास हेतु 5 प्रेक्टिस पिच के साथ ही प्रशिक्षण हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की वरिष्ठ महिला खिलाड़ी को नियोजित किया गया है। धमतरी के सभी आयु वर्ग की महिला तथा पुरुष हेतु 1 अप्रैल से 31 मई तक समर कैम्प का आयोजन किया गया है। भाग लेने वाले खिलाड़ियों को ड्यूज बॉल क्रिकेट के साथ ही फिटनेस का प्रशिक्षण दिया जावेगा। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए प्रवेश दिया जायेगा।

### मुरमुरा यूनिट को संचालित करने वेंडर की हो रही तलाश

# रीपा का हाल-बेहाल, धूल खा रहा गोबर पेंट प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने वाली बिहान की योजनाओं का हाल क्या है, इसका नजारा ग्राम भटगांव के रीपा केन्द्र में देखा जा सकता है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गोबर से पेंट बनाने की मशीनें पिछले 6 माह से धूल खा रही हैं। वहीं मुरमुरा फैक्ट्री को चलाने विभाग वेंडर ढूंढ रहा है। कहा जा रहा है कि प्रदेश में सरकार बदलने के बाद रीपा केन्द्रों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पूर्ववर्ती सरकार ने रीपा केन्द्रों की स्थापना की थी। इसी कड़ी में ग्राम भटगांव में रीपा केन्द्र बनाया गया है। 6 माह पूर्व निर्मित रीपा केन्द्र में गोबर से पेंट बनाने के लिए लाखों रूपये का प्लांट लगाया गया है। समूह की महिला पेरिना साहू, किरण साहू ने बताया कि गोबर पेंट बनाने के लिए प्रशिक्षण देने की खबर मिली थी। लेकिन इसके लिए प्रशिक्षण दिया गया है कि नहीं, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि जब से यह प्लांट लगा है, तब से धूल खा रहा है। इसके अलावा रीपा केन्द्र में चना मुर्रा फोड़ने के लिए मुरमुरा यूनिट लगाई गई है। इसके संचालन के लिए कोई समूह सामने नहीं आ रहा है या कहें तो समूह को प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा है। प्राइवेट वेंडर भी मुरमुरा यूनिट को कुछ दिनों तक चलाने के बाद यूनिट को छोड़कर चला गया है।

बिहान के अधिकारी प्रेम सिन्हा ने बताया कि गोबर पेंट बनाने वाली यूनिट के संचालन के लिए युवा मितान समूह को प्रशिक्षण दिया गया है लेकिन रॉ मटेरियल उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण यूनिट का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। गोबर पेंट यूनिट का प्रभार कृषि विभाग को दिया गया है। श्री सिन्हा ने बताया कि मुरमुरा यूनिट के लिए प्राथमिकता ग्रामीण महिला समूह को दी गई है। इसके संचालन के लिए समूह के नहीं आने पर पंचायत की अनुमति से इसे ग्रामीण वेंडर को दिया गया था। कुछ दिनों के बाद वेंडर ने इस काम से हाथ खड़ा दिया। अब विभाग मुरमुरा यूनिट के लिए दूसरा वेंडर देख रहा है।

### तेल से नहीं पौधों से हुई लाखों की आमदनी



भटगांव में इन दिनों लेमनग्रास आयल बनाने का काम महीनों से बंद पड़ा है। आयल यूनिट का संचालन करने वाली समूह की प्रमुख महिला माधवी निर्मलकर बताती हैं कि 4 साल पहले लेमनग्रास पौधों की फसल लेना शुरू किया गया। 2 साल पहले लेमनग्रास से तेल निकालने की मशीनें लगाई गईं। अब तक समूह 5 लाख रूपये का पौधा बेच चुका है। वहीं 40 से 45 हजार रूपये का तेल विक्रय हुआ है। गर्मी में लेमनग्रास की फसल कम आती है। इस मौसम की फसल से तेल भी कम निकलता है। बारिश के मौसम में फसल अच्छी होती है और तेल भी ठीक निकलता है। उन्होंने बताया कि नर्सरी का घेरा कम्पलीट नहीं हुआ है जिसके कारण आसपास के लोग नर्सरी में घुसकर लकड़ी आदि की चोरी कर लेते हैं। उन्होंने नर्सरी का घेरा कम्पलीट कराने की मांग की है।

# गोल बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने जुटी निगम और यातायात विभाग की टीम

- दूसरे दिन भी निगम की टीम ने सेम प्लेस पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्र अंतर्गत गोल बाजार में यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा सड़क बाधा न हो इसके लिए निगम तथा यातायात विभाग की टीम ने मिलकर संयुक्त अभियान चलाया। निगम उपायुक्त पीसी सार्वा के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दस्ता ने गोल बाजार क्षेत्र में सड़क बाधा करने वाले लोगों पर कार्रवाई की। कई व्यवसायियों को समझाइश देकर निर्धारित दायरे में बैठने के निर्देश दिए। इस कार्रवाई में यातायात विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि गोल बाजार में आए दिन ट्रैफिक की समस्या आती है। सदर में प्रवेश करने के बाद इसी स्थल पर ट्रैफिक का ज्यादा दबाव रहता है जिसे देखते हुए निगम और यातायात विभाग ने संयुक्त रूप से यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यवसायियों को समझाईश दी तथा नहीं मानने वाले लोगों की सामग्रियों को जब्त किया। निगम की टीम पहले दिन कार्रवाई करने के बाद दूसरे दिन भी उसी स्थल पर पहुंची ताकि पहले दिन हुए कार्रवाई को यथावत रखा जा सके।

▶▶ शेष पेज 10 पर

## राजेंद्र सहित अन्य लोगों ने की सीएम से मुलाकात



**धमतरी।** भाजपा में शामिल होने के बाद राजेन्द्र लुंकड़ सहित अन्य लोगों ने प्रीतेश गांधी के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की। प्रीतेश गांधी ने प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कराकर उन सभी का परिचय करवाया।

# बाइक के डिवाइडर से टकराने के बाद ओव्हरब्रिज से नीचे गिरा युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- संबलपुर ओव्हरब्रिज की घटना




कुरूद से वापस घर लौट रहे युवकों की तेज रफ्तार बाइक ओव्हरब्रिज के डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई है वहीं दूसरा घायल है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय हटकेशर वार्ड निवासी पवन कुमार मुंजे पिता मनोहर लाल उम्र 35 वर्ष अपने साथी राजा यादव के साथ उसी की मोटरसाइकिल में गुरूवार की सुबह किसी काम से कुरूद की तरफ गया था। जहां से दोनों युवक रात्रि में घर लौट रहे थे। मोटरसाइकिल पवन चला रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार मोटरसाइकिल संबलपुर ओव्हरब्रिज में बने डिवाइडर से टकरा गई। मोटर साइकिल के टकराने से चालक पवन उछल कर पुल के नीचे गिर गया वहीं सवार राजा सड़क पर फेंका गया। इस घटना में पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं राजा को भी चोट लगी है। एम्बुलेंस की मदद से दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद पवन को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। घायल का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को मर्ग कायम कर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# लोकसभा चुनाव में कानून व्यवस्था रहेगी सुदृढ़

- एसपी ने गूगल मीट के माध्यम से ली पुलिस अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लोकसभा चुनाव को देखते हुए कानून व्यवस्था मजबूत करने पुलिस विभाग ने तैयारी शुरु कर दी है। एसपी ने गूगल मीट के माध्यम से जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने मीटिंग में पुलिस अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के संबंध में जानकारी देते हुए सभी थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करने निर्देशित किया। जिलाबदर, रासुका एवं गुण्डा बदमाशों के ऊपर प्रभावी कार्रवाई करते हुए बाउन्ड ओवर एवं अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थापित जांच नाकों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आगामी लोकसभा चुनाव के पोलिंग बूथों का निरीक्षण करने एवं बाहर से आने वाले पुलिस बलों के ठहरने के लिए भवन एवं मूलभूत सुविधाओं को ध्यान रखकर सूचीबद्ध करने के लिए कहा गया। एफएसटी व एसएसटी की टीमों को भी सतत चेकिंग किए जाने के लिए निर्देशित किया।

लायसेंसी शस्त्रधारकों का भौतिक सत्यापन कर सूची तैयार करके आने वाले चुनाव से पहले थानों में शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए। गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाशों की सूची तैयार कर जिलाबदर की कार्रवाई करने निर्देशित किया। एसपी ने रात्रि में सघन पेट्रोलिंग पर जोर देते हुए तंग गलियों में बाइक से पेट्रोलिंग किए जाने व रात्रि में घुमंतु व जमावड़ा लगाने वाले असामाजिक तत्वों को भगाने के निर्देश दिए। इसी तरह आगामी होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# बिजली बिल जमा नहीं करने वालों के काटे जा रहे कनेक्शन

- चालू माह में धमतरी जोन के 300 से अधिक कनेक्शन काटे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बिजली बिल को लेकर विद्युत विभाग अब सजग हो गया है। बिल नहीं पटाने वाले उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन स्पाट में जाकर तत्काल काटे जा रहे हैं। विद्युत विभाग की इस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक धमतरी जोन में 300 से अधिक कनेक्शन काटे गए हैं। संबंधित उपभोक्ताओं को पहले सूचित किया जाता है। इसके बाद भी अगर वे बिल नहीं पटाते हैं तो स्पाट में जाकर विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की जा रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लाउड स्पीकर से उपभोक्ताओं को सूचना दी जा रही है। समय पर बिल पटाने प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार लापरवाही बरतने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विभाग शिकंजा कस रहा है। दो माह से बिल नहीं पटाने वाले की सूची तैयार है, जिसकी संख्या सैकड़ों में है। इसी तरह गांव में अंतिम तिथि तक बिजली बिल नहीं पटाने वाले उपभोक्ताओं को एक सप्ताह का समय दिया जा रहा है। लाइन विच्छेदन होने पर बिजली बिल में विच्छेदन शुल्क अतिरिक्त जोड़ा जा रहा है।

ज्ञात हो कि मार्च माह में बिजली बिल संबंधी राजस्व के टारगेट को पूरा करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्राप्त निर्देशों के परिपालन में 31 मार्च तक बिजली बिल का भुगतान किए जाने अलर्ट किया गया है।

# मास्टर प्लान 2031 में पड़ोस के 22 गांव जुड़े

- शहर को व्यवस्थित बनाने नगर निवेश विभाग का प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नए मास्टर प्लान 2031 में धमतरी सीमा क्षेत्र के 22 गांवों को जोड़ा गया है। ग्राम अर्जुनी, रत्नाबांधा, श्यामतराई, सोरिदभाट, हटकेशर, रूद्री, गोकुलपुर, बठेना, करेठा, कोलियारी, हरफतराई, संबलपुर, भटगांव, सेहराडबरी, देमार, खपरी, उसलापुर, तेलीनसत्ती के आबादी एरिया के अलावा खेतिहर जमीन भी ग्राम नगर निवेश विभाग के अधीन की गई है। श्यामतराई क्षेत्र को ट्रांसपोर्ट नगर, बाईपास श्यामतराई क्षेत्र का मिश्रित उपयोग, देमार क्षेत्र को इंडस्ट्रीज एरिया, खपरी क्षेत्र को बस स्टैंड, सार्वजनिक उपयोग, ग्रीन पट्टी, रूद्री पॉलीटेक्निक कालेज के आसपास का क्षेत्र शैक्षणिक के लिए प्रस्तावित है। गंगरेल रोड से अंबेडकर चौक तक मिश्रित, रूद्री रोड मिश्रित, संबलपुर शहर में हाईवे मार्ग मिश्रित है। इसके अलावा सिहावा रोड से अर्जुनी तक बाईपास के लिए प्रस्तावित है। बाकी बचे हुए क्षेत्रों को अलग -अलग दायरे में रखा गया है।

### राजस्व विभाग ने सर्वे से किया इनकार, कराने कलेक्टर से की मांग

# माड़मसिल्ली डुबान क्षेत्र में ओलावृष्टि से भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



माड़मसिल्ली बांध के डुबान क्षेत्र में राजस्व विभाग द्वारा फसल नुकसान का सर्वे नहीं किए जाने से पीड़ित किसानों में नाराजगी है। शुक्रवार को डुबान प्रभावित सात गांव के लोगों ने कलेक्टर से फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की है।

कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण रामस्वरूप नेताम, तासीराम मरकाम, तुलसीराम मरकाम, रंजीतराम, सोविंद्र नेताम, मंगलूराम नेताम, पंचलाल सोरी, ज्ञानसिंग नेताम आदि ने बताया कि माड़मसिल्ली डुबान क्षेत्र अंतर्गत जामनाला, चनागांव, सियारीनाला, बीजापुर, झीपाटोला, फुड़हरधाप, हितली में 19 मार्च को ओलावृष्टि होने से सभी प्रकार की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। अत्यधिक ओलावृष्टि, बारिश और अंधड़ से फसल के चौपट होने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग ने उनके क्षेत्र में नुकसानी का सर्वे किया है, लेकिन डुबान प्रभावित किसानों की फसलों का सर्वे नहीं किया। उन्होंने बताया कि डुबान प्रभावित कृषक सिंचाई विभाग की जमीन पर फसल लेते हैं। ऐसे में राजस्व विभाग द्वारा उनकी फसलों के नुकसानी का सर्वे नहीं किया। डुबान प्रभावित क्षेत्र में सर्वे का आदेश नहीं होने से प्रभावित किसानों को फसल तथा कर्ज की चिंता परेशान कर रही है। उन्होंने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में सिंचाई विभाग अंतर्गत डुबान प्रभावित किसानों की फसल की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे कराने तथा क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने की मांग की है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### बाइक पेड़ से टकराई चालक की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत निकिता पेट्रोल पंप के आगे मोड़ के पास 20 मार्च को 3 बजें सड़क दुर्घटना में डूडूमबाहरा निवासी 30 वर्षीय चंद्रकांत वट्टी पिता घुराउ राम का मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पेड़ से टकरा गया। अधिक चोट आने की वजह से उसकी मौता हो गई।

### वाहन दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत डोमाहर्रा मोड़ के पास 10 मार्च को सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक निचेकोटगांव निवासी46 वर्षीय मुरहाराम पटेल पिता बृजलाल मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीई 0459 को चलाते हुऐ मोदे अपनी ससुराल से घर जा रहा था। मिडिल स्कूल डोमाहर्रा मोड़ के पास मोटर सायकल को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुऐ एक्सीडेंट करने से मोटर सायकल गिर गय व गंभीर चोट आई थी। गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गया।

### आचार संहिता : 5173 पोस्टर-बैनर हटाए गए

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद सार्वजनिक सम्पति से 01 हजार 70 दीवार लेखन, 01 हजार 442 पोस्टर, 01 हजार 26 बैनर और 905 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं।

## निधन

### श्रीमती कालिंदी सोम



**नगरी।** पुरानी बस्ती नगरी निवासी श्रीमती कालिंदी सोम धर्मपत्नी स्व. प्रफुल्ल चंद्र सोम 87 वर्ष निधन हो गया। वे पूर्व विधायक अशोक सोम, मिलिन्द सोम, मुरारी सोम, नवल किशोर सोम, मृत्युंजय सोम की मां थीं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनके निधन पर सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूषण साहू, प्रकाश गोलछा, भानेंद्रसिंह ठाकुर, रवि ठाकुर, छबि ठाकुर, करण चंद्राकर, भरत निर्मलकर, प्रमोद कुंजाम, सचिन भंसाली, कमलेश मिश्रा, अखिलेश दुबे, अमृतलाल नाग, किशन मगेन्द्र, उत्तम गोलछा, मनोज साक्षी, उमेश देव, कैलाश जैन, कैलाश प्रजापति, अय्यूब खान, वेदराम साहू ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रध्दांजलि अर्पित की है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### गोल बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने ...

गौरतलब है कि निगम आयुक्त विनय कुमार ने गोल बाजार में यातायात विभाग से समन्वय बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश राजस्व विभाग को दिए थे। इसी तारतम्य में टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया है। कार्रवाई के दौरान सुनील सालुंके, श्यामू सोना सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### वन मंत्री ने कार्यकर्ता सम्मेलन में दिए चुनाव जीतने के टिप्स

# अब की बार 400 के लक्ष्य के साथ काम करें कार्यकर्ता : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिहावा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन साहू सदन नगरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ से सभा में फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार चार सौ पार के नारे गूंजते रहे। हजारों कार्यकर्ताओं के चेहरे पर एक नई उम्मीद एक नया विश्वास झलक रहा था।

सभा को पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री पिंकी शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, सिहावा विधानसभा प्रभारी बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव, जिला सह प्रभारी हलधर साहू, गुंडरदेही पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू, भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि केदार कश्यप वनमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग का परिचय करवाया। पूरे कार्यकर्ताओं के बीच मंच पर खड़े होकर दोनों ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया और मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए आमसभा से भाजपा के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि आप सभी का एक-एक वोट कीमती है। आपका एक वोट सीधे मोदी जी को पहुंचेगा। सभी का लक्ष्य होना चाहिए कि अब की बार 400 पर इस तथ्य पर सभी को काम करना है। अपने-अपने बूथ को मजबूत बनाना है। सभी मतदाताओं के पास पहुंचकर भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना है।

कार्यक्रम में विधानसभा सह प्रभारी नरेश सिन्हा, विधानसभा संयोजक नागेंद्र शुक्ला, जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, नपं अध्यक्ष आराधना शुक्ला, राजेन्द्र गोलछा, प्रेमलता नागवंशी, भीखम सेन, मण्डल अध्यक्ष मोहन नाहटा, अकबर कश्यप, वामन साहू, विजय यदु थे। मंच संचालन कमल डागा व आभार व्यक्त विधानसभा मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू ने किया।

# स्वयं की भूमि को सही साबित करने भटक रहा किसान

■ सुपेला में एक किसान की भूमि के नक्शे को राजस्व विभाग ने किया छोटा, 7 .5 डिसमिल जमीन हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



राजस्व विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों ने भूमिस्वामी की भूमि में बड़ा खेला कर दिया है। उनकी भूमि के नक्शे को छोटा कर दिया है। इससे भूमि स्वामी को करीब 7.5 डिसमिल जमीन का घाटे हो रहा है। इसे लेकर भूमि स्वामी ने राजस्व न्यायालय में आवेदन दिया था। राजस्व न्यायालय ने भूमिस्वामी को जारी किए आदेश में उक्त भूमि में त्रुटिपूर्ण होने से नक्शा छोटा होने का उल्लेख किया है साथ ही पारित आदेश में उक्त भूमि का नक्शा सुधार करने पर ग्राम का रकबा प्रभावित होने का भी जिक्र किया है।

ग्राम सुपेला निवासी नंदलाल देवांगन पिता निहाली का कहना है



कि ग्राम सुपेला में उनके नाम से खसरा क्रमांक 260/1, 260/2 व 260/3 में भूमि है। पुराने रिकॉर्ड में रकबा 0.13/0.53 एकड़ भूमि है लेकिन राजस्व विभाग की लापरवाही से मेरी बिना अनुमति के खसरा क्रमांक 260/1, 260/2, 260/3 की भूमि के नक्शे को छोटा कर दिया है जिसके चलते वह अपने हक से वंचित हो रहा है। उचित न्याय पाने के लिए राजस्व न्यायालय में आवेदन किया था लेकिन राजस्व न्यायालय ने नक्शा में त्रुटि की बात कहकर उसके आवेदन को खारिज कर दिया है। नंदलाल ने आगे बताया कि वह अपने स्वयं की भूमि को सही साबित करने के लिए दर-दर भटक रहा है।

उन्होंने शासन प्रशासन से उचित न्याय की मांग कर नए सिरे से जांच कर अपने पुराने नक्शे के अनुसार भूमि देने की मांग की है।

## छग महतारी महाविद्यालय भखारा के छात्रों ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



**अंवरी।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। नगर पंचायत भखारा के गली-मोहल्लों में नारों के साथ रैली निकली।

# सात्विक भोजन ग्रहण करने से तन-मन में आती है शुद्धता

■ मिडिल स्कूल सिर्री के बच्चों ने किया न्योता भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं ताकि बच्चों को और ज्यादा आहार-पोषण मिल सके।

ग्राम सिर्री के वरिष्ठ समाजसेवी और पटेल समाज के अध्यक्ष शोभाराम पटेल ने शासकीय माध्यमिक शाला सिर्री में मध्यान्ह भोजन के समय स्कूली बच्चों को केला और मिठाई बांट कर न्योता भोजन खिलाया। स्कूली बच्चों को संयुक्त रूप से आमंत्रित कर न्योता भोज कराया गया। अतिथियों ने यहां बच्चों को दैनिक रूप से परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन दाल-चावल के अलावा केला और मिठाई परोसी।

इस अवसर पर शोभाराम पटेल ने बच्चों से कहा कि सात्विक और पौष्टिक भोजन सेहत को चुस्त और दुरुस्त रखता है। सात्विक भोजन ग्रहण करने से तन, मन, विवेक में शुद्धता आती है। शरीर का समुचित विकास होता है।

मौके पर सालिकराम साहू ग्राम पटेला, झागेश्वर ध्रुव, डा. जनक कुंभकार, गुल्फीराम साहू पूर्व अध्यक्ष साहू समाज सिर्री सहित मिडिल स्कूल के प्रभारी प्रधानपाठक विनय कुमार साहू, शिक्षकगण गिरवर लाल साहू, पुरूषोत्तम साहू, पुष्पा कुर्रे उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ महतारी काली मंदिर में पंजीयन शुरू, 9 से लगेगा मेला

**कुरुद।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर इस वर्ष भी महाकाली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर कुरुद में भव्य मेला का आयोजन 9 से 17 अप्रैल तक किया जा रहा है। मनोकामना ज्योति स्थापना के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा मेले में मीना बाजार की तैयारी शुरू कर दी गई है।

ज्ञातव्य है कि हर साल चैत्र नवरात्रि पर कुरुद में भव्य मेला का आयोजन होता है,जिसे देखने काफी संख्या में लोग उमड़ते हैं। इस बार मेले में ऑक्टोपस झूला, टोरा टोरा झूला, हवाई झूला, सुपर ड्रैगन, ब्रेकडांस झूला, भूत बंगला, मिक्की माउस, टाइटैनिक, रेंजर झूला, झूला बेबी, ट्रेन सालंबो झूला, मौत का कुआं, मोटर बोट, मोटर साइकिल धूम, स्कॉर्पियो धूम, विभिन्न राज्य से आई सुसज्जित दुकानें व मीना बाजार आकर्षण का केंद्र होगा। इसी तरह मन्दिर में मनोकामना ज्योति कलश के लिए भी तैयारी की गई है। महाकाली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर के प्रबंधक सेवकराम साहू ने बताया कि तेल ज्योति कलश 801रू.एवं घी ज्योति कलश के लिए 1201 रू. राशि निर्धारित की गई है।

# न्योता भोजन में बच्चों को मिला खीर-पूड़ी, अंगूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला धौराभाठा में इन्द्राणी साहू शिक्षिका माध्यमिक शाला कुकरेल द्वारा अपने पति नरोत्तम कुमार साहू कृषि विशेषज्ञ, जैविक कृषि सलाहकार के जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज के अंतर्गत विद्यार्थियों को पूरक पोषण आहार के रूप में खीर-पूड़ी एवं अंगूर का वितरण किया, जिसे खाकर बच्चे आनंदित हुए।

इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनंजय साहू, ग्वालसिंग साहू, उर्वशी यादव, नूतन सोनवानी, पूर्णिमा ध्रुव, प्रधानपाठक लीलाराम साहू, संकुल समन्वयक हेमंत सोनकर, शिक्षक राकेश चंद्राकर, रोशन ध्रुव, तामेश्वर निषाद, हेमलता रात्रे, नोरेंद्र जोशी, पूर्णिमा साहू, दिनेश ध्रुव, रेखा सिन्हा, रैमून सिन्हा, मीरा ध्रुव, पार्वती ध्रुव उपस्थित थे ।

# केएल उद्यानिकी कालेज में सूचना केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





केएल उद्यानिकी महाविद्यालय धमतरी, पोटियाडीह के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव शिक्षा अंतर्गत, उद्यानिकी तकनीकी सूचना केंद्र का शुभारंभ ग्राम लोहरसी के साहू समाज भवन में संस्था के संचालक कन्हैयालाल साहू ने फीता काटकर किया। विद्यार्थियों ने यहां विभिन्न मॉडल भी प्रस्तुत किये।

ग्राम लोहरसी के कला मंच में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उद्घाटन कार्यक्रम रखा गया। मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्हैयालाल साहू ,संचालक के.एल. उद्यानिकी महाविद्यालय धमतरी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज के सहायक प्राध्यापक सुश्री उमा साहू, सुश्री केसरी, सुश्री तनु, सुश्री निधि , प्रियदर्शी तिवारी, गितेश्वर पाठक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राकेश कुमार पांडे ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव तकनीकी शिक्षा के विषय में विस्तार से जानकारी दिया। वहीं मुख्य अतिथि श्री साहू ने चतुर्थ वर्ष के छात्रों को ग्रामीणों के अनुभव व अपने साढे तीन वर्ष से अर्जित ज्ञान का एक दूसरे से साझा कर लाभन्वित होने की बात कही। वहीं सभी विद्यार्थियों को जे.आर.एफ की परीक्षा दिलाने व एम.एस.सी. के लिए तैयारी कर भारत के जिस भी विश्वविद्यालय में उनका चयन हो आगे की शिक्षा लेने आग्रह किया। श्री साहू ने शासन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम स्टार्टअप की जानकारी देते हुए उन्हें नौकरी वाला न बन कर नौकरी देने वाला बनने के लिए टिप्स भी दिए। सभी प्राध्यापकों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। छात्र-छात्राओं ने अपने मनमोहक प्रस्तुतियों से ग्राम वासियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन चतुर्थ वर्ष की छात्रा अनंदा ठाकुर , अंजली बंजारे ने किया।

इस अवसर पर कृषक घनाराम सोनकर, लक्ष्मीनारायण साहू, निरंजन नेताम, गजानंद, श्याम लाल, शारदाबाई सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कोसमर्रा स्कूल में शत-प्रतिशत मतदान की ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वीप कार्यक्रम के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, स्टाफ एवं स्वयंसेवकों ने लोकसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य चैतराम साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर, बालकृष्ण साहू, पुष्पेंद्र गुरु, नरेश कुमार, रविंद्र बंदे, मानसिंह, संतोष जगताप, हरिश्चंद्र नेताम, अनिल कुमार साहू, सीमा सोनी, किरण मनहर, उत्तरा गंजीर समेत अन्य स्वयंसेवक उपस्थित हुए।

## सिलौटी स्कूल में मनाया विश्व जल दिवस

# पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वयंसेवक विद्यार्थी व शिक्षकों की उपस्थिति में विश्व जल दिवस मनाया गया। शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात सभी ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला।

शिक्षकों ने बताया कि विश्व जल दिवस प्रतिवर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1993 से प्रति वर्ष विश्व जल मनाने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य जल के महत्व को उजागर करना तथा पानी के सतत प्रबंधन करना व जल संबंधी मुद्दों के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष विश्व जल दिवस की थीम शांति के लिए जल के लाभ पर आधारित है। सभी ने जल का संरक्षण, वर्षा जल का संग्रहण, पानी के प्रति सम्मान, पानी का विवेकपूर्ण उपयोग, पानी का एक बूंद भी व्यर्थ नहीं करने की शपथ ली गई। इस अवसर पर पदमा बघेल, एनएसएस प्रभारी संतोष कुमार जैन, एके यादव, जेएन सोनवानी, एसके ध्रुव, एचआर साहू, सीपी साहू, वायके सेन, एनआर साहू, आर पोर्ते, एनके साहू, एचके साहू, रानी साहू, यशोदा साहू, आकाश साहू, फिरंता रजक, भोज साहू व बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन,स्पाईन सर्जरी एवं हृदय रोग से संबंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें



पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें

स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी

डॉ. अक्षय बैद
MS, Mch, Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
29 मार्च 2024 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जोगामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### महिपाल जुंगा देव ऐतिहासिक मेला में जुटे ग्रामीण

**गीदम।** गीदम ब्लॉक के छोटे तुमनार का महिपाल जुंगा देव का ऐतिहासिक भव्य मेला गत दिवस धूमधाम से सम्पन्न हुआ। मेला में श्री श्री 1008 माई दन्तेश्वरी शक्ति पीठ के प्रधान पुजारी हरेन्द्र नाथ जिया बाबा एवं ग्राम पिनकोंडा से वन्गे डोकरी, ग्राम समलूर से तपेश्वरी देवी की छड़ी, ग्राम बड़े सुरोखी से पाऊरूंगा देवता, ग्राम मोफलनार से हिरसुंगा, करें पारा से पापालिंगा, ग्राम बांगापाल से कोला देवता एवं अन्य गांवों के देवी देवता सम्मिलित हुए। विविधता में एकता सभी जाति समाज मिल-जुलकर सुख,समृद्धि एवं शांति से रहने भविष्य की कामना करते हुए जुंगा देव का संदेश दिया।

### मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीत्तगढ़ राज्य में मतदान 3 चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा। प्रथम चरण में 19 अप्रैल, द्वितीय चरण में 28 अप्रैल एवं तृतीय चरण में 7 मई नियत की गई है। लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु बहुत से मतदाता जो निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजित हैं। ऐसे नियोजित, कार्यरत प्रत्येक कामगार को मतदान दिवस के दिन मताधिकार का उपयोग करने के लिए लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 135 ख के प्रावधानुसार संबंधितों को सवैतनिक अवकाश प्रदाय किया जाएगा।

### आरोग्य समिति की हुई बैठक

**गीदम।** विकासखंड गीदम के आयुष्मान आरोग्य मंदिर घोटपाल में आरोग्य समिति की बैठक आज आयोजित की गई। जिसमें जनप्रतिनिधि, खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौतम कुमार, एमटी, मितानिन, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सीएचओ, बीपीएम जेम वेक उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ गौतम ने उपस्थित लोगों को मलेरिया से बचाव, मच्छरदानी का उपयोग, रखरखाव करने के तरीके, धनात्मक मरीजों का उपचार आदि के बारे में जानकारी दी। साथ ही प्रसव के पश्चात हितग्राही के घर में भेंट कर बच्चे एवं माता की स्वास्थ्य की देख भाल करने संबंधी जानकारी दी गई।

### पेट्रोल पंप संचालकों को सुरक्षित स्टॉक रखने दिए निर्देश

**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा आदेश पारित किया गया है। जिसके तहत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के संपादन में डीजल एवं पेट्रोल की अतिरिक्त आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन कार्य के दौरान कर्मचारी, अधिकारियों एवं सामग्री के परिवहन हेतु वाहनों का प्रयोग होगा। जिसके लिए पेट्रोल, डीजल की आवश्यकता होगी। इस हेतु समस्त प्रोपराईटर डीजल, पेट्रोल पंप जिला बीजापुर में सम्पूर्ण निर्वाचन अवधि की समाप्ति तक पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित रखेंगे।

### एसडीओपी व थाना प्रभारी ने ली शांति समिति की बैठक

**भोपालपटनम।** लोकसभा चुनाव व होली पर्व समेत अन्य पर्वों को लेकर भोपालपटनम एसडीओपी मयंक करन सिंह एवं थाना प्रभारी जीवन कुमार जांगड़े ने आज शांति समिति की बैठक ली। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। लोकसभा चुनाव के साथ ही होली का त्योहार और रमजान भी हैं, जिसे लेकर पुलिस प्रशासन अभी से सतर्क हो गई हैं। त्योहारों में कई असमाजिक तत्व लड़ाई-झगड़ा करवाने के ताक में रहते हैं। कई जगहों पर इन त्योहारों में असमाजिक तत्वों के कारण दंगे भी भड़क जाते हैं। ऐसी कोई अप्रिय घटना थाना क्षेत्र में ना हो, इसके लिए एसडीओपी व थाना प्रभारी ने पत्रकारों, व्यापारी संघ, नगर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर शांति समिति की बैठक की। त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने व कानून व्यवस्था बनाए रखने समेत कई मुद्दों पर चर्चा किए।

---

मतदाताओं को मतदान करने किया जा रहा प्रेरित

# चुनाव पर्व में हर वर्ग ले रहा बढ़-चढ़कर हिस्सा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत चुनाव पर्व में जिले के हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान वे अपने रोजमर्रा के कार्यों के साथ ही मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा आकर्षक नारा-स्लोगन को दर्शाते चौक-चौराहों में होर्डिंग के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

स्वीप गतिविधियों के तहत अनंतदीप महिला क्लस्टर भरदा की महिलाओं ने गांव की गलियों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान महिलाओं ने सशक्त लोकतंत्र में मत का महत्व बताते हुए युवा, बुजुर्ग मतदाताओं को 'चलो कदम आगे बढ़ाएं, शत-प्रतिशत मतदान से सशक्त लोकतंत्र बनायें' का नारा लगाते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया।

### मनरेगा मजदूरों ने की मतदान की अपील

जिले के वनांचल मटियाबाहरा, बिलभदर सहित डोड़की एवं अन्य स्थानों में मनरेगा मजदूरों ने स्वीप गतिविधि के तहत अपने-अपने कार्यस्थल पर मतदान की शपथ ली। शपथ में उन्होंने हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

### महिलाओं को दिलाई मतदान की शपथ

ग्राम सोरम, सेहराडबरी, कोलियारी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने अपने-अपने केन्द्रों में पोषण चौपाल में पहुंची महिलाओं को मतदान की शपथ दिलाई। साथ ही अन्य ग्रामीणों के साथ गांवों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

### चौक-चौराहों के होर्डिंग्स कर रहे आकर्षित

जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न चौक-चौराहों में होर्डिंग लगाकर मतदाताओं को आकर्षक नारे और स्लोगन के जरिए जागरूक किया जा रहा है। धमतरी शहर के दानीटोला में लगे होर्डिंग में जहां जिला धमतरी, वोट सर्वोपरि दर्शाया गया है, वहीं अछोटा रोड में लगे होर्डिंग में देश के सभी मतदाताओं से अपील है कि लोकतंत्र की असली शक्ति आपका मत है, इसलिए इसके प्रति जागरूक बनें।

---

# समय के साथ जन्म, विवाह, मृत्यु संस्कार में परिवर्तन की जरुरत

**चंदापारी सेन समाज के जिला अधिवेशन में पुराने रीति-रिवाजों के बदलाव पर दिया जोर**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला चंदापारी सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन धमतरी में हुआ, जिसमें विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा कर पुरानी परम्पराओं, रीति रिवाजों पर बदलाव पर जोर दिया गया। आमातालाब रोड रामनगर स्थित सामाजिक भवन में जिला चंदापारी सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया।

सभापति रिखीराम सेन, सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन, संरक्षक मोहित सेन, प्रवक्ता कमलनारायण शांडिल्य, पाली जिलाध्यक्ष खिलेश सेन, उपाध्यक्ष दीनदयाल सेन, सलाहकार पंचराम सेन, गौकरण सेन ने पुरानी परम्पराओं, रीति रिवाजों में बदलाव पर जोर देते हुए कहा कि समय के साथ जन्म, विवाह, मृत्यु संस्कार में परिवर्तन की जरूरत है। जन्मोत्सव पुरानी परंपरानुसार छह दिनों में करने, बर्थडे नहीं मनाने, सगाई की बजाय शगुन देने, विवाह में फिजूलखर्ची रोकने कपड़ा नहीं देने, चिकट में कपड़ा की बजाय नकद राशि देने, बारात स्वागत में डीजे, धुमाल पर रोक लगाने तथा पानी ग्रहण गोधुली बेला में करने, मृत्यु कार्यक्रम में शव पर कफ़न नहीं डालने, मृत्युभोज में खीर पूड़ी, बड़ा, लड्डू एवं अन्य मिष्ठानों पर प्रतिबन्ध अथवा ऐच्छिक करने जैसी अनेक फिजूलखर्ची व्यवस्था पर अंकुश लगाने की चर्चा कर कड़ाई से इसका पालन करने पर बल दिया गया। इसके बाद बेटी रोटी से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया गया।

सचिव रघुवीर सेन ने प्रतिवेदन पठन व आभार तथा संचालन केशकुमार सेन ने किया। मौके पर नारद राम सेन, सुरेश सेन, ललित शांडिल्य, रुपकुमार सेन, धनेश सेन, दुर्गाप्रसाद सेन, संतोष शांडिल्य, रवि कुमार शांडिल्य, उमेन्द्र सेन, कमल सेन, गोलू सेन, बिसौहाराम सेन, झुमुकलाल सेन, टेमन सेन, अर्जुन सेन, रुद्रेश सेन, पुरषोत्तम सेन, गणेशराम सेन, कनश राम सेन, शेषनारायण भारद्वाज, पुनेश्वशर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

---

# हसदा प्रधानपाठक शिक्षादूत से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)



शासकीय प्राथमिक शाला हसदा के महेंद्र साहू को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण के अंतर्गत शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय में जनभागीदारी सहयोग से शौचालय निर्माण कार्य, अंगना में शिक्षा कार्यक्रम में माता उन्मुखीकरण, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए बच्चों का विशेष मार्गदर्शन एवं बच्चों को विभिन्न नवाचार स्मार्ट टीवी के माध्यम से अध्यापन कार्य कराने के साथ ही शिक्षा विभाग के विभिन्न प्रशिक्षण में डीआरजी एवं बीआरजी के रूप में विशेष सहयोग के लिए गुरुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एल के चंद्राकर ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री ठाकुर, बीआरसीसी एनके साहू, संकुल प्राचार्य डीडी साहू, संकुल समन्वयक भूषण माला एवं गुरुर के सभी संकुल समन्वयक उपस्थित थे। सरपंच नरेंद्र सेनपाल, ग्रामीण अध्यक्ष टुकेश साहू, प्रधानपाठक वीपी वर्मा, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी साहू एवं समस्त शिक्षक समुदाय ने महेंद्र साहू की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

# युग तुलसी पं. रामकिंकर का जन्म शताब्दी महोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

तुलसी साहित्य व रामकथा के अप्रतिम व्याख्याकार व तुलसी साहित्य के मूल सूत्र को प्रस्तुत करने वाले मानस मर्मज्ञ पद्म विभूषण श्री रामकिंकर महाराज का जन्म शताब्दी महोत्सव सिंधु पैलेस बीटीआई ग्राउंड रायपुर में दीदी मां मंदाकिनी श्री रामकिंकर के सान्निध्य में मनाया गया। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन मानस दर्शन जीवन अर्पण के प्रमुख दीपक गुहा मरौद ने किया। कार्यक्रम में अन्य जिलों के प्रतिनिधियों ने दीदी मंदाकिनी श्रीरामकिंकर के समक्ष युग तुलसी पर अपने भाव प्रस्तुत किए। रामभक्तों को श्रीराम पट्टिका, किंकर साहित्य व प्रसाद भेंटकर सम्मानित किया गया।

### मानस पीयूष वर्षण व अलंकरण समारोह 3.0 के एलबम का हुआ विमोचन



इस आयोजन में पुरंदर मिश्रा, संजय नागदेव, दीपक अग्रवाल, गजेंद्र, अमित सोनी, डॉ जवाहर अग्रवाल, तुलसीराम अग्रवाल, नर्मदा प्रसाद मिश्र, पं. अर्जुन पुरी गोस्वामी, गोपाल वर्मा, नारायण लाल साहू, योगी नाथ, मदन सिन्हा, चैतराम साहू, पीला राम शर्मा, मानसिंह साहू, खिलेश्वरी किरण, दीप्ति पांडे, संगीता निषाद, लोकेश गायकवाड़, प्यारेलाल साहू, रामराजेश साहू, भूषण चंद्राकर, गुप्तेश्वर गंगबेर, पिंटू पटेल, देवलाल सिन्हा, रामकुमार प्रजापति, मेसुल साहू, केके सिन्हा, हेमराज भार्गव ने भाग लिया। इस अवसर पर दीदी मां ने मानस पीयूष वर्षण व अलंकरण समारोह 3.0 के एलबम का विमोचन किया।

---

# गैर शिक्षकीय कार्यों से मुक्त रखने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला धमतरी के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष दौलत ध्रुव के नेतृत्व एवं जिला व ब्लॉक पधाधिकारी की उपस्थिति में नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। साथ ही जिले में कार्यरत शिक्षक (एलबी) संवर्ग की समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। उनकी प्रमुख मांग सेवा पुस्तिका का संधारण एवं संपरीक्षक कार्यालय द्वारा समय पर आडिट कराया जाए। विभिन्न एनजीओ की विभाग में दखलंदाजी बंद की जाए। विभिन्न प्रशिक्षण शिक्षण सत्र के शुरुआती महीनों में लिया जाए। विभिन्न ऐप द्वारा प्रशिक्षण बंद किया जाए। चिकित्सा प्रतिपूर्ति व अन्य सुविधा जो शिक्षकों को मिलती है, उसमें अनावश्यक विलंब न किया जाए। प्राथमिक प्रधानपाठकों की पदोन्नति पश्चात कुरूद विकासखंड के वेतन अंतर की राशि शीघ्र प्रदान की जाए। मगरलोड विकासखंड के शिक्षकों की 2021 परीक्षा अनुमति शीघ्र जारी किया जाए। जिले में प्राथमिक प्रधानपाठक के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति दी जाए। सहायक शिक्षक एलबी संवर्ग की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन अविलंब किया जाए। गैर शिक्षकीय कार्यों से मुक्त रखा जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने उनकी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष नवीन मारकंडे, कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश साहू, धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष तेजलाल साहू, फालेश कुर्रे, विजय निषाद, प्रदीप सोनाबेर, शंकरदास मानिकपुरी, परमेश्वर साहू, शिवानी दास, गणेशिया ध्रुव, दुष्यंत सिन्हा, नवदीप सलाम उपस्थित थे।

# सामुदायिक सहभागिता से मिला स्मार्ट टीवी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुकरेल/धमतरी

प्राथमिक शाला चंदनपुर को सामुदायिक सहभागिता से स्मार्ट टेलीविजन दान किया गया। टेलीविजन मिलने पर छात्र और शिक्षक आनंद से ओतप्रोत हो गए। इस अवसर पर संकुल के सभी शिक्षकों ने अपने विचारों को साझा किया। शाला के प्रधानपाठक टेकराम साहू और सहायक शिक्षक युवराज साहू ने इस कार्य की सराहना की। इस अवसर पर सीएसी दीनदयाल साहू, शिक्षक फिरतुराम, शिक्षिका टिकेश्वरी देवांगन, शिक्षिका तुलेश्वरी कुर्रे, देवलाल ध्रुव, अयोध्या प्रसाद, टीकमचंद ध्रुव, रूपसिंह मंडवी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य अमले ने नाइट ब्लड रेंडम सर्वे किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

### जिले में फाइलेरिया के 142 केस पंजीकृत



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल के निर्देश पर स्वास्थ्य अमला द्वारा बीते दिनों फाइलेरिया प्रबंधन के तहत नाइड ब्लड सर्वे का कार्य किया गया। इसके तहत जिले के चारों ब्लॉक कुरूद के चिंवरी, पुरानी बस्ती नगरी, धमतरी स्थित गुजरा के बोरिदखुर्द, दानीटोला, लालबगीचा और मगरलोड में 5 से 9 साल के बच्चों का रक्तपट्टी सैम्पल लिया गया।

फाइलेरिया की जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया की समस्या होने पर उन्हें दोनों पैरों या शरीर के किसी अन्य अंग में सूजन हो सकती है। फाइलेरिया को आम बोलचाल में हाथी पांव भी कहा जाता है। शुरूआत में यह बीमारी होने पर हाथ, पैर, स्तन एवं अंडकोष में भी सूजन दिखाई दे सकती है।

यह एक पैरासाइट है जो धागे के समान दिखाई देने वाले निमेटोड कीड़ों के शरीर में प्रवेश करने की वजह से होती है। बताया गया है कि धमतरी जिले में फाइलेरिया के 142 केस पंजीकृत हैं।

---

### श्रवण बाधितार्थ बालिकाओं ने साइन लैंग्वेज में किया नाटक प्रस्तुत

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शहर स्थित सुमित बाजार परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में अध्ययनरत बालिकाओं ने साईन लैंग्वेज में नाटक प्रस्तुत कर दिव्यांगजनों को मतदान केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं, मत का महत्व को प्रदर्शित कर बुजुर्गों, महिलाओं तथा युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री श्रीवास्तव ने उपस्थितों को मतदान की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान सीईओ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने बड़ी ही सहज और प्रसन्नतापूर्वक अपना परिचय साईन लैंग्वेज में दिया।



---

**श्याम मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट ने आयोजित किया तीन दिवसीय फागण महोत्सव**

# बाबा को लगाई सवामणि, भजनों पर खूब थिरके श्याम भक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

श्री श्याम मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा तीन दिवसीय फागण महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के तीसरे दिन श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्याम भक्तों द्वारा बाबा की पूजा अर्चना की गई। अखंड दीपक जलाकर जयकारे के साथ बाबा के बारस की धोक दी गई। भक्तों द्वारा सवामणि लगाई गई । उसके बाद श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ रायपुर से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक मधुसूदन अग्रवाल ने किया। भजनों पर श्याम भक्त खूब थिरके। पुरूषों ने पीला कुर्ता व सफेद पाजामा व महिलाओं ने पीली साड़ी व लाल चुनरी ओढ़कर बाबा का अखंड पाठ किया।

श्री श्याम मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक नानकचंद अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ करने से घर में सुख समृद्धि आती है। बाबा की कृपा उन पर हमेशा बरसती रहती है । उसके जीवन में कोई संकट नहीं आता। सचिव सुरेश गोयल ने बताया कि बाबा श्याम महाबली भीम के पौत्र वीर बर्बरीक थे। भगवान श्री कृष्ण ने 14 वर्षीय बर्बरीक का शीश दान में मांग लिया था। महादानी बर्बरीक ने फागुन माह की शुक्ल पक्ष की द्वादशी को अपना सिर काटकर भगवान श्रीकृष्ण को सौंप दिया था, इसलिए फागुन महीने का अद्वितीय, अलौकिक महत्व है।

मंगल पाठ में सलज अग्रवाल, नानकचंद अग्रवाल, विष्णुदयाल अग्रवाल, नरेंद्र खंडेलवाल, नवल किशोर अग्रवाल, महावीर गोयल, अजय गोयल, बजरंग अग्रवाल, अनिल गुप्ता, बालकिशन अग्रवाल, मनोज सरागवी, हरीश अग्रवाल, राजेश प्रजापति, बजरंग अग्रवाल, राजेश शर्मा, जिग्नेश ठक्कर, मनसुख अग्रवाल, घनश्याम गोयल, शरद अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रतन लाल अग्रवाल, निर्मल गुप्ता, शरद गोयल, ताराचंद गोयल, प्रतीक अग्रवाल, सनी अग्रवाल, राजा अग्रवाल, राहुल दीवान, अमन अग्रवाल, राहुल, कुसुम अग्रवाल, पायल गोयल, सुशीला गोयल, ललिता अग्रवाल, आशा खंडेलवाल, रिंकी गिनोरिया, सुधा अग्रवाल, स्वर्णलता गोयल, सरिता लाट, वर्षा खंडेलवाल, प्रीति गुप्ता, दिव्या अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, रमा अग्रवाल, भारती शर्मा उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया संयुक्त दल गठित

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन को प्रभावित करने वाले प्रलोभन को रोकने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद और धमतरी तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा अंतर्गत पुलिस, आबकारी, वाणिज्य कर, परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को सतत निरीक्षण कर कार्यवाही करने संयुक्त दल गठित किया है। लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद में सहायक ग्रेड 2 युवराज साहू, वाणिज्य कर निरीक्षक संतुराम नेताम, आककारी उप निरीक्षक लालजी दीवान तथा पुलिस आरक्षक महेश साहू की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह विधानसभा धमतरी में परिवहन उप निरीक्षक देवआशीष प्रधान, वाणिज्य कर निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार ठाकुर, आबकारी उप निरीक्षक प्रद्यम्न दुग्गा तथा पुलिस आरक्षक भूपेन्द्र पद्मशाली की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में सहायक ग्रेड 2 अविनाश ध्रुव, वाणिज्य कर निरीक्षक सत्यम सिन्हा, आबकारी उप निरीक्षक अजय मारकण्डे और प्रधान आरक्षक इशु कुमार साहू की ड्यूटी लगाई गई है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### खाटूश्याम मंदिर में फाल्गुन उत्सव मना

**कुरूद।** खाटू श्याम मंदिर कुरूद में बुधवार को फाल्गुन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। दोपहर 3:30 बजे पुराना बाजार स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में भव्य श्री खाटू श्याम की निशान शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करने के पश्चात वापस मंदिर पहुंची। फाल्गुन उत्सव के तहत दोपहर 12:30 बजे महाआरती एवं छप्पन भोग तथा शाम 7:30 बजे भजन संध्या रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्तजन शामिल हुए।

### स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने की ली शपथ

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वीप के तत्वावधान में स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखते हुए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने प्रेरित किया गया। इस संबंध में शपथ भी दिलाई गई।

### समिति उपाध्यक्ष ने शाला को 15 थाली भेंट की

**पुरी।** शासकीय प्राथमिक शाला पुरी में विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा बच्चों को न्योता भोजन कार्यक्रम अंतर्गत खीर, पूड़ी, दाल, चावल, सब्जी का वितरण किया गया। समिति उपाध्यक्ष लीला गंगबीर ने शाला को बच्चों के लिए 15 थाली भेंट की। मौके पर सरपंच प्रतिनिधि सुखदेव नेताम, उपसरपंच पुष्पेन्द्र साहू, समिति अध्यक्ष रोहित देवांगन, शिक्षाविद राधेश्याम अवस्थी, सरोज साहू, नेमीचंद साहू, कौशल निर्मलकर, अजीत साहू, रीना बाई पंच, बेलाबाई, मीना ध्रुव, राधा साहू, दीपमाला, प्रधानपाठिका चंद्रिका सिन्हा, शिक्षिका वेदिका, दुष्यंत कश्यप समेत अन्य उपस्थित थे।

### रिचार्ज खत्म होने पर रजिस्टर्ड मोबाइल पर आएगा मैसेज

# अब घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर मोबाइल से कर सकेंगे रिचार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासन के निर्देश के बाद अब जिले के बिजली उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगेंगे। स्मार्ट मीटर लगने पर लोग मोबाइल की तरह मीटर का भी रिचार्ज करवा सकेंगे। वहीं रिचार्ज खत्म होने पर बिजली बंद हो जाएगी। रिचार्ज खत्म होने के तीन दिन पहले रजिस्टर्ड मोबाइल में मैसेज आएगा कि वैलेडिटी खत्म होने वाली है। मीटर का रिचार्ज करवा लें। इसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। जिले में नए मकान, दफ्तर आदि खुल रहे हैं। इस लिहाज से भविष्य में कनेक्शन के आंकड़े बढ़ेंगे।



**क्या है स्मार्ट मीटर ?**

प्री-पैड स्मार्ट मीटर में एक छोटा सा मॉडम लगा रहेगा जिसे सर्वर के साथ-साथ उपभोक्ताओं के मोबाइल में कनेक्ट कर दिया जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को हर समय बिजली की खपत की जानकारी मोबाइल में मिलती रहेगी। मोबाइल में यह भी बताएगा कि बैलेंस कितना बचा है और कितना यूनिट बिजली की खपत हो चुकी है। कब तक रिचार्ज करना है और कितना करना है। यह सब जानकारी मोबाइल में अपडेट होते रहेगी।

सीएसईबी धमतरी जोन के मुख्य कार्यपालन अभियंता विकेश शर्मा ने बताया कि धमतरी में स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत ट्रांसफार्मरों में होगी जहां से नैतिक और अनैतिक खपत की जानकारी विभाग को मिल सकेगी। इसके बाद घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा। इसके लिए अभी 2 साल का समय है। 2026 तक सभी घरों में स्मार्ट मीटर लग जाएंगे। स्मार्ट मीटर लगाने एजेंसी को अधिकृत किया जाएगा।

गौरतलब है कि स्मार्ट मीटर पर एक डिस्पले लगा होगा जिसके माध्यम से उपभोक्ताओं को शेष बिजली बिल, शेष राशि, पिछले माह की खपत की जानकारी घर बैठे प्राप्त होगी। घर बैठे ही मीटर से बिजली की माह भर की खपत की जानकारी मिल जाएगी। इसी हिसाब से मोबाइल की तरह ही रिचार्ज कर सकेंगे। यह एक प्री-पैड मोबाइल की तरह ही होगा। रकम खत्म होने पर बिजली अपने आप कट जाएगी।

विद्युत विभाग के मुताबिक प्री-पैड स्मार्ट मीटर तीन चरणों पर लगेंगे। पहले चरण में ट्रांसफार्मरों में लगे मीटरों को बदला जाएगा। दूसरे चरण में घरेलू उपभोक्ताओं के मीटरों को बदला जायेगा। तीसरे चरण में कामर्शियल उपभोक्ताओं के मीटर बदलेंगे। स्मार्ट मीटर लगने से सिस्टम में कई बदलाव आएंगे। बिजली चोरी रूकने करने के साथ शिकायतों का मौका भी खत्म हो जाएगा। जितना बिजली जलाएंगे, उतना रिचार्ज करवाना पड़ेगा।

जिले की व्यापारिक संस्थाओं में बिजली चोरी रोकने अनिवार्य रूप से प्री पैड स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इससे यह फायदा होगा कि रिचार्ज करवाने से खड़े होकर बिजली बिल पटाने की समस्या नहीं रहेगी। घर बैठे मोबाइल से रिचार्ज करवा सकेंगे। स्मार्ट मीटर से लोग बिजली की खपत भी कम करेंगे।

# महिलाओं पर संस्कारवान समाज बनाने की जिम्मेदारी



- सुंदरगंज वार्ड में तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नारी सशक्तिकरण अभियान अंतर्गत सुंदरगंज वार्ड धमतरी के शिव मंदिर प्रांगण में महिला मण्डल बठेना इकाई द्वारा तीन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। महिलाओं में छिपी हुई प्रतिभा का उपयोग समाज निर्माण में करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक दिलीप नाग ने महिलाओं को नशा मुक्त परिवार एवं समाज बनाकर खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। जिला महिला प्रमुख श्रीमती खिलेश्वरी किरण ने कहा कि आज चारों तरफ अनीति, अत्याचार के बीच महिलाओं की बड़ी जिम्मेदारी संस्कारवान समाज बनाने की है। यज्ञ संचालन श्रीमती शकुन कश्यप, यशोदा साहू, प्रमिला साहू एवं सरिता सिन्हा ने किया।

कार्यक्रम में सुशीला छाटा, रेवती साहू, माया साहू, गीता साहू, पुष्पा सिन्हा, द्रौपदी, विमला साहू, धनेश्वरी, पद्मिनी साहू, नमिता देवांगन, गायत्री साहू, शिवरात्रि सिन्हा, रुक्मणी साहू, अन्नपूर्णा पाण्डेय, कावेरी पदमवार, सरस्वती उपाध्याय, कुमारी शुक्ला, गंगा विश्वकर्मा, रेखा साहू, शशि बाला साहू, तुषार विश्वकर्मा, सुखम यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# महिलाओं को बराबरी का हक मिले, इसके लिए समाज में बदलाव लाना होगा

- टीचर लर्निंग सेंटर में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
- पोस्टर प्रदर्शनी, प्रश्न मंच व कविताओं पर किया नाट्य मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में टीचर लर्निंग सेंटर आमातालाब में शहर के दर्जनों युवा-युवतियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महिला दिवस से संबंधित पोस्टर प्रदर्शिनी, क्विज एवं स्त्री विमर्श से जुड़ी कुछ चुनिंदा कविताओं का नाट्य रूपान्तरण प्रस्तुत किया गया।

शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियेटर समूह के शिक्षक एवं सदस्यों ने लैंगिक भेदभाव पर केंद्रित चार कविताओं का नाट्य रूपांतरण कर मंचन किया।

इसमें आकाश गिरि गोस्वामी, गौतम साहू, वैभव रणसिंह, सोहनलाल साहू, चेतना रणसिंह, तिलकराम साहू, प्रियांशी मिश्रा, गीता श्री, पलक, आशीष साहू एवं रूपेश देवांगन ने भूमिका निभाई। शाश्वत उत्सर्ग ग्रुप को फारेस्ट ऑफ लाइफ उत्सव पोटली नामक नाटक का मंचन हेतु अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। वालंटियर को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान दिया गया।

इन्होंने कहा कि महिलाओं को बराबरी का हक मिले, इसके लिए हम सब को व्यक्तिगत तौर पर परिवार में, स्कूल व समाज में बदलाव के लिए काम करना पड़ेगा। उत्तम बीआरपी, डॉ. नम्रता व सुमनलता समग्र शिक्षा विकासखण्ड धमतरी ने इस आयोजन की सराहना की।

संकुल समन्वयक नविता तिवारी ने कहा कि मुझे गणित पढ़ने से रोक रहे थे पर मैंने तय किया और गणित शिक्षक बनकर 35 साल से सेवा कर रही हूं। संकुल समन्वयक भागबली जोशी ने युवाओ को जोड़ने और आगे की रणनीति पर बात की। कार्यक्रम में 36 शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लोकेश, सुनील और आभार व्यक्त नरेन्द्र ने किया।

# हिरण को पुलिस ने कुत्तों का शिकार बनने से बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

**रिसगांव रेंज के खल्लारी की घटना**

पानी पीने के लिए नदी में उतरे हिरणों के झुण्ड पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। इस दौरान घायल एक हिरण को खल्लारी पुलिस ने कुत्तों का शिकार बनने से बचा लिया। गर्मी के दिनों में जंगल में पानी की कमी हो जाने के कारण वन्यप्राणी पानी की तलाश में रिहायशी इलाकों में आ जाते हैं। जहां आवारा कुत्ते वन्यप्राणी पर हमला कर उसे घायल कर देते हैं या शिकार बना लेते हैं। इसी तरह की घटना गुरूवार को रिसगांव रेंज के खल्लारी क्षेत्र में आई है। हिरणों का झुण्ड खल्लारी थाना के समीप से होते हुए नदी में पानी पीने गया था। इसी दौरान झुण्ड पर आवारा कुत्तों की नजर पड़ गई। कुत्तों ने हिरणों पर हमला बोल दिया। इस हमले में झुंड बिखर गया। कुत्तों ने एक हिरण को दबोच लिया। कुत्तों के नोचे जाने से हिरण बुरी तरह से घायल होकर चंगुल से छूटने के लिए छटपटा रहा था। इसी बीच खल्लारी थाना के पुलिस जवानों की इन पर नजर पड़ी। जवानों ने किसी तरह कुत्तों को वहां से खदेड़कर हिरण को सुरक्षित बचा लिया। घायल हिरण को थाना लाकर प्राथमिक उपचार पश्चात वन विभाग को सूचना दी गई। विभाग के पहुंचने पर घायल हिरण को उनके सुपुर्द कर दिया गया। खल्लारी पुलिस ने हिरण की जान बचाकर सराहनीय कार्य किया है।



# भाजपा महिला मोर्चा ने किया नारी शक्तियों का सम्मान

महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सबल हो रहीं : हेमलता



- विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका : अर्चना चौबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में महतारी वंदन के तहत 1000 रूपए की वित्तीय सहायता की प्रथम माह की राशि प्राप्त होने की खुशी में महिलाओं का सम्मान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त। इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमलता शर्मा ने कहा कि महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सबल हो रही हैं। प्रदेश के किसानों को बकाया 2 वर्ष की बोनस राशि दी गई। प्रदेश में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को बजट में शामिल कर संकल्प पत्र के वादे को पूरा करने की ओर कदम आगे बढ़ाया।

पूर्व महापौर अर्चना चौबे ने कहा कि विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। महिलाएं आर्थिक रूप से सबल होंगी तभी देश के विकास में अपना योगदान दे पाएंगी। नारी शक्ति का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।

जिला अध्यक्ष चंद्रकला पटेल ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 के पूर्व प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और भाजपा के संकल्प पत्र में महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं को शामिल किया गया था। जबसे भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ प्रदेश में आई है, पूरे छत्तीसगढ़ में त्यौहार सा माहौल है। जिला महामंत्री मोनिका देवांगन ने कहा कि मोदी की गारंटी एवं विष्णु के सुशासन में महिलाएं सशक्त एवं आत्मनिर्भर हो रही हैं। मौके पर सरला जैन, खिलेश्वरी किरण, जिला उपाध्यक्ष श्यामा साहू, जिला मंत्री बीथिका विश्वास, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुमिता पंजवानी, कविता यादव, दमयंती साहू, दमयंती गजेंद्र, राधा साहू, मीडिया प्रभारी संगीता जगताप, प्राची सोनी, सीमा चौबे, रुक्मणी सोनकर, नीतू त्रिवेदी, डाली सोनी, रेखा शांडिल्य, रितिका यादव, महामंत्री सरोज देवांगन, कृष्णा गोस्वामी, रेखा, उषा निर्मलकर, प्रभा देवांगन, गंगा यादव, रेखा यादव समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# बर्फी, खोवा, पनीर के सैम्पल जांच के लिए रायपुर भेजे गए

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले की खाद्य दुकानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले के धमतरी शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के खाद्य परिसरों जगदीश होटल, आराधना जलेबी भंडार, सूरज होटल, भगवती हिन्दू होटल, हिन्दुजा रेस्टोरेंट, भगवती बेकरी धमतरी, अनुराधा स्वीट्स कुरूद, विजय होटल मेघा सहित अन्य खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बर्फी, खोवा, पनीर, आटा व गुड़ का नमूना संग्रहण कर परीक्षण के लिये राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रथम फूड्स धमतरी का सेव, रमन स्वीट्स धमतरी का बेसन लड्डू, लक्ष्मी ट्रेडिंग धमतरी का जामुन व केक, महा नागणेशी बीकानेरी स्वीट्स कुरूद का खोवा, भूषण किराना जरवायडीह का नमकीन व रोशन किराना बोरई का रस्क अमानक पाया गया। आगे बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थों के निर्मित किए जाने वाले जगहों की सफाई व्यवस्था ठीक रखने, गुणवत्तायुकत खाद्य पदार्थों का उपयोग मिठाई एवं नमकीन बनाने में करने, मिठाइयों का अखाद्य रंगों का उपयोग नहीं करने के साथ ही किराना दुकानों में बिना बैच नम्बर, ऐसे खाद्य पदार्थ जिसमें निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि अंकित नहीं हो विक्रय नहीं करने, अखबारी स्याही युक्त कागज में खाद्य पदार्थ नहीं परोसने के निर्देश दिये गये।

# छात्रों को कराया मतदान प्रक्रिया से अवगत

**धमतरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार विद्यालय में पढ़ने वाले 18 वर्ष के छात्रों को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया गया। शिक्षक घनशयाम सिंह साहू ने लोकतंत्र के सबसे बड़े त्योहार लोकसभा के आम चुनाव में शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने एवं बिना प्रलोभन के मतदान में भाग लेने तथा मतदान के दौरान गांव के 80 वर्ष तथा दिव्यांगजनों की मदद करने के लिए प्रेरित किया।






# शांति से मनाएं होली, हुड़दंगियों पर होगी कार्रवाई : टीआई

- थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



नगर सहित क्षेत्र भर में होली का त्योहार शांति और खुशियों के साथ मनाए जाने की खातिर कुरूद पुलिस थाना परिसर में गुरुवार की शाम शांति समिति की बैठक हुई। एसडीएम दीनदयाल मंडावी, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं नागरिकों ने पुलिस को आवश्यक सुझाव दिए।

बैठक में टीआई अरुण साहू ने होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्द्र वातावरण में मनाने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर फोकस करते हुए सभी से आग्रह किया कि ऐसी जगह जहां विद्युत तार व पैरावट हो वहां होली न जलाएं। लाउडस्पीकर, डीजे का उपयोग सीमित समय तक करें, पानी का दुरूपयोग न करें। चाईनिज व रासायनिक रंगों का उपयोग न हो, शराब पीकर नशे में रहकर हुड़दंग न करें। उन्होंने कहा कि होली के दिन कुरुद शहर एवं थाना क्षेत्र के गांवों में पुलिस की गाड़ियां पेट्रोलिंग करती रहेंगी। हुड़दंग करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कहा कि जिले में धारा 144 लागू होने के कारण एक साथ 4 से ज्यादा लोग न घूमे।

शांति समिति की बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा, पार्षद रोशन जांगड़े, मुस्लिम समाज से अय्यूब खान, प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा, गणेश साहू, रवि शर्मा, धनसिंग सेन, चंदन शर्मा, महबूब खान, सफी खान, मनोज अग्रवाल कुरूद, तहसीलदार मनोज भारद्वाज, दुर्गा साहू, टीआई अरुण साहू, नपं राजस्व उपनिरीक्षक गोपाल सिन्हा सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं कर्मचारी-अधिकारी मौजूद थे।

